आकाशवाणी मध्यप्रदेश

प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 05.05.2025 समय : 07.10PM

## मुख्य समाचार,

- मुख्यमंत्री ने मंडला में कहा 25 मई को नरसिंहपुर में लगेगा कृषि मेला।
- माध्यमिक शिक्षा मंडल की 10वीं और 12वीं के परीक्षा परिणाम कल होंगे घोषित।
- भोपाल में छात्राओं से दुष्कर्म और ब्लेकमेलिंग मामले में राष्ट्रीय महिला आयोग की टीम की जांच जारी।
- प्रदेश के कई हिस्सों में अगले चार दिन आंधी, बारिश और ओले गिरने की चेतावनी।

मुख्यमंत्री मंडला

मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव ने आज मंडला जिले के रामनगर किला में आयोजित आदि उत्सव सांस्कृतिक कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस अवसर पर उन्होंने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को हितलाभ वितरित किये और उनसे संवाद किया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि 25 मई को नरसिंहपुर में महाकौशल प्रांत का कृषि मेला आयोजित किया जायेगा। उन्होंने कहा कि वीरांगना रानी दुर्गावती की मढ़िया के विकास की घोषणा की।

दुग्ध उत्पादन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में दुग्ध उत्पादन को 9 प्रतिशत से बढ़ाकर 20 प्रतिशत करना सरकार का संकल्प है। इसके लिए राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड की डेयरी क्षेत्र में विशेषज्ञता का लाभ संपूर्ण प्रदेश को समान रूप से मिले यह सुनिश्चित करना आवश्यक है। मुख्यमंत्री आज राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड और मध्यप्रदेश राज्य सहकारी दुग्ध संघ के मध्य संपादित अनुबंध के बाद की गई कार्रवाई की भोपाल में समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने सहकारी संघों के साथ निजी डेयरी संचालकों को भी आवश्यक कंसल्टेंसी उपलब्ध कराने को कहा है। उन्होंने कहा कि निजी विश्वविद्यालय भी डेयरी टेक्नोलॉजी और एनिमल हसबेंडरी संबंधी कोर्स संचालित करें। विश्वविद्यालयों और अन्य संस्थाओं के तकनीकी विशेषज्ञों को गौशालाओं से जोड़कर उनके मार्गदर्शन और निर्देशन से गौशालाओं के प्रबंधन को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी।

## परीक्षा परिणाम

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कल शाम 5 बजे मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा आयोजित हाईस्कूल, हायर सेकेण्डरी एवं विद्यालय पूर्व शिक्षा में डिप्लोमा मुख्य परीक्षा 2025 के परीक्षा परिणाम घोषित करेंगे। मण्डल द्वारा विभिन्न पोर्टल के माध्यम से परीक्षा परिणाम ज्ञात करने की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। mpbse.mponline.gov.in सहित कई अन्य वेबसाईट पर परिणाम परीक्षा उपलब्ध रहेंगे। इसके साथ ही छात्र Digilocker के माध्यम से परीक्षा परिणाम देख सकेंगे।

## सर्वोच्च न्यायालय - वक्फ अधिनियम

सर्वोच्च न्यायालय ने वक्फ (संशोधन) अधिनियम 2025 की संवैधानिक वैधता से संबंधित मामले को इस महीने की 15 तारीख को अगली सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया है। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति संजय कुमार और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की खंडपीठ अधिनियम की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं की सुनवाई कर रही थी।

## लोक अदालत

प्रदेश में 10 मई को नेशनल लोक अदालत आयोजित होगी। इसमें बिजली चोरी एवं अनियमितताओं के प्रकरण को समझौते के माध्यम से निराकृत किया जाएगा। निम्न दाब श्रेणी के समस्त घरेलू, समस्त कृषि, कुछ औद्योगिक उपभोक्ताओं को ही प्रकरणों में छूट दी जाएगी। लोक अदालत में छूट कुछ शर्तों के तहत दी जाएगी जिनमें आवेदक को निर्धारित छूट के उपरांत शेष बिल आंकलित सिविल दायित्व एवं ब्याज की राशि का एकमुश्त भुगतान करना होगा।

## राष्ट्रीय महिला आयोग

भोपाल में छात्राओं से  दुष्कर्म और वीडियो बनाकर ब्लैकमेलिंग करने के मामले में राष्ट्रीय महिला आयोग की तीन सदस्यीय टीम जांच में जुटी है। आज आयोग की टीम रायसेन रोड स्थित छात्राओं के कॉलेज में पहुंची और यहां कॉलेज प्रशासन, अधिकारियों और स्टाफ से लंबी पूछताछ की।

इस बीच कैबिनेट मंत्री विश्वास सारंग ने कहा, .पहले भी प्रदेश में हमने धर्म स्वातंत्र्य अधिनियम कानून बनाया था और इसी के तहत कार्रवाई भी की थी। अब प्रदेश स्तर पर SIT बनी है और यह सुनिश्चित है कि इस तरह से किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा।

खादी उत्सव

कुटीर एवं ग्रामोद्योग मंत्री स्वतंत्र प्रभार दिलीप जायसवाल कल भोपाल के गौहर महल में राज्य स्तरीय खादी उत्सव 2025 के अंतर्गत खादी ग्रामोद्योग प्रदर्शनी का शुभारंभ करेंगे। मध्यप्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा खादी ग्रामोद्योग उत्पादों के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं विक्रय के लिये राज्य स्तरीय खादी ग्रामोद्योग प्रदर्शनी का आयोजन एक मई से 15 मई तक किया जा रहा है। प्रदर्शनी में सभी प्रकार के खादी वस्त्रों एवं ग्रामोद्योग सामग्री पर 20 प्रतिशत छूट का लाभ प्रदान किया जाएगा।

उज्जैन आग

उज्जैन के ज्योतिर्लिंग भगवान महाकालेश्वर के मंदिर में आज दोपहर में अचानक आग लग गई। आग मंदिर परिसर में कंट्रोल रूम की छत पर लगी थी, जिसमें पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के एयर क्वालिटी मैनेजमेंट सिस्टम की बैटरियां जल गईं। इस हादसे के कारण मंदिर में दूर से ही धुआं और आग की लपटें दिखाई दे रही थीं। आग लगने के बाद मंदिर में भक्तों का प्रवेश रोकना पड़ा। सूचना मिलते ही दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और कुछ ही देर बाद ही आग पर काबू पा लिया गया। इसके बाद मंदिर के गेट को दोबारा खोल दिया गया। आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट बताई जा रही है।

मौसम

प्रदेश में मौसम का मिजाज बदला हुआ है। कल भोपाल सहित प्रदेश के कई जिलों में आंधी-तूफान और बारिश का मौसम रहा। इंदौर में रिकॉर्ड पौने 3 इंच पानी गिर गया, जबकि भोपाल समेत कई जिलों में ओले गिरे। प्रदेश में अगले 4 दिन यानी 8 मई तक आंधी, बारिश और ओले का सिस्टम एक्टिव है। मौसम विभाग ने इन्दौर, उज्जैन, देवास सहित 21 जिलों में तेज आंधी और ओलावृष्टि के लिए आरेंज अलर्ट जारी किया है। पन्ना में आज करीब आधे घंटे तक जमकर बारिश हुई।

शिवपुरी में तेज आंधी व रिमझिम बारिश के बीच कई जगह पेड़ गिर गए। सीहोर में तेज हवा के साथ बारिश के साथ कई क्षेत्रो में ओलावृष्टि हुई |

आईपीएल- क्रिकेट

आईपीएल टी-20 क्रिकेट में मेजबान सनराइराजर्स हैदराबाद का मुकाबला डेल्ही कैपिटल्स से होगा। यह मैच हैदराबाद में शाम साढे सात बजे शुरू होगा। हैदराबाद के कप्तान पैट कमिन्स अंक तालिका मे नौंवे स्थान पर हैं, जबकि डेल्ही के कप्तान अक्षर पटेल पांचवें स्थान पर हैं।

खेलो इंडिया - निशानेबाजी दिल्ली

खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 की निशानेबाजी प्रतियोगिता आज नई दिल्ली के डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में शुरू हुईं। 10 मीटर एयर राइफल मिक्स्ड टीम युवा वर्ग में, राजस्थान की टीम ने रोमांचक मुकाबले में स्वर्ण पदक जीता।

खेलो इंडिया यूथ गेम्स के इस संस्करण में राष्ट्रीय राजधानी में शूटिंग, साइकिलिंग और जिम्नास्टिक की प्रतियोगिताएं हो रही हैं, इसके अलावा अन्य सभी खेल प्रतियोगिताएं बिहार में हो रही हैं।

समाचार संक्षेप में .....

- रायसेन में प्राइस सपोर्ट स्कीम के अंतर्गत ई.उपार्जन पोर्टल पर तुअर फसल को न्यूनतम समर्थन मूल्य पर विक्रय करने हेतु किसान पंजीयन के लिए अंतिम तिथि को बढ़ाकर 15 मई कर दिया गया है।
- शहडोल जिले में कृषि विभाग नरवाई नहीं जलाने के लिए किसानों को जागरूक कर रहा है। इसके लिए कृषि अभियांत्रिकी विभाग का प्रचार रथ गांव गांव पहुंच रहा है।
- झाबुआ कलेक्टर नेहा मीना ने समीक्षा बैठक में सीएम हेल्पलाइन 181 पोर्टल पर दर्ज लंबित शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर निराकृत करने के निर्देश दिए।
- माँ बगलामुखी प्रकोटत्सव जयंती पर आज आगरमालवा जिले के नलखेड़ा स्थित सिद्धपीठ माँ बगलामुखी मंदिर की आकर्षक साज सज्जा कर प्रतिमा का मनमोहक श्रृंगार किया गया।